चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 9 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 138, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार



# वेदान टी-20: एसआरएमएस और गज ग्रीन ने जीते मैच



मैन आफ द मैच के लिए पुरस्कृत करते डॉ. अनीस बेग और अन्य। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

● **डोहरा रोड स्थित निशांत स्टेडियम में टूर्नामेंट में मंगलवार को हुए दो मैच**

**अमृत विचार :** डोहरा रोड स्थित निशांत स्टेडियम में मंगलवार को वेदान टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट में एसआरएमएस और गज ग्रीन की टीमों ने मैच जीते।

पहले मैच में बदायूं क्रिकेट एसोसिएशन की टीम ने 20 ओवर में 124 रन बनाए। एसआरएमएस की टीम के आदर्श शर्मा ने तीन और अनुज शर्मा ने दो विकेट लिए। एसआरएमएस की टीम ने 16.4 ओवर में 126 रन बनाकर मैच जीत लिया। आनंद वीर को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में कप्तान गगन मल्होत्रा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 249 रन बनाए। रियाज अफरीदी ने 55 गेंद पर 111 रन की नाबाद पारी खेली। अक्षय शर्मा ने भी 51 रन बनाए। जवाब में ओवैस क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 139 रन पर ऑल आउट हो गई। गज ग्रीन के लक्ष्य शर्मा ने तीन विकेट और और रियाज अफरीदी और दीपक सिंह ने दो विकेट लिए। रियाज अफरीदी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस दौरान सीओ संदीप सिंह, डॉ. अमीद मुराद, अंजुल मिश्रा, डॉ. ग्यास उल रहमान, डॉ. आर शर्मा, डॉ. अनीस बेग, ओपी कोहली, राहुल कपूर आदि मौजूद रहे।